प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने रांची में कहा, वर्ष 2047 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत और 6 दशमलव सात प्रतिशत होगी देश की विकास दर।
2. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी, पांच वर्ष में पांच लाख युवाओं को रोजगार और गो–गो दीदी योजना के तहत हर महिला को हर महीने 2100 रुपए देने का वादा
3. मौसम विभाग ने रांची, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात की जताई आशंका, येलो अलर्ट जारी।
4. राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में रांची की टीम 71 पदक जीत कर तालिका में शीर्ष स्थान पर, पश्चिमी सिंहभूम ने 34 और सरायकेला–खरसांवा की टीम ने जीते 15 पदक

****

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और देश की विकास दर 6 दशमलव सात प्रतिशत होगी। श्री सिंह रांची विश्विद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विकसित भारत–अम्बेस्डर युवा कनेक्ट विषय पर छात्रों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश निराशावाद से आशावाद में आया है और वर्तमान भारत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता है।

****

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर गो–गो दीदी योजना के तहत प्रत्येक महिला को हर महीने की ग्यारह तारीख को 2100 रुपए खाते में दिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी जोहार योजना के तहत सभी घरों में 500 रूपये में एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा।
भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं के लिए पांच वर्ष में पांच लाख युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराएगी।
श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में प्रत्येक स्नातक और स्नातकोत्तर पास बेरोजगार युवाओं को दो वर्ष के लिए 2000 रूपये युवा साथी भत्ता के रूप में प्रतिमाह दिया जायेगा और प्रधानमंत्री आवास के तहत 21 लाख घरों का निर्माण भी किया जाएगा।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव में अधिकारियों को ऐसी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं जिससे वोटिंग के दिन मतदाताओं को कतार में खड़े रहकर इंतजार नहीं रहना पड़े। श्री कुमार ने रांची में जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक प्रशिक्षण बैठक में कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में ऐसी व्यवस्था की जा रही है जिससे मतदान प्रक्रिया में तेजी आ सके।

****

पाकुड़ जिले में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में लगातार कोशिश की जा रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट–राम प्रसाद सिन्हा, पाकुड़–34 सेकेंड

****

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज रांची समेत पूरे राज्य में मां कुष्मांडा की पूजा हो रही है। इस बीच रांची के कई पंडालों के पट खोल दिए गए हैं और कुछ अन्य पंडालों का आज उद्घाटन होना है। पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है। इधर, पूजा के दौरान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हर जिले में अतिरिक्त पुलिस जवानों को तैनात किया गया है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत कई जिलों में गरज और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

****

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में रांची की टीम 71 पदक जीत कर तालिका में शीर्ष स्थान पर रही। वहीं, पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने 34 और सरायकेला–खरसांवा की टीम ने 15 पदक जीते। ताइक्वांडो और तीरंदाजी में रांची और बॉलीवॉल में रामगढ़ की टीम विजेता बनी। पूरे प्रतियोगिता का आयोजन रांची स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुआ।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

प्रभात खबर ने लिखा है–शहरी क्षेत्र के पारा शिक्षकों के मानदेय में चार फीसदी की बढ़ोत्तरी, मिलेगा एरियर।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है–रांची नगर निगम ने दुर्गा पूजा के अवसर पर शुरू किया विशेष सफाई अभियान, चार सौ अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती।
दैनिक भास्कर ने विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय प्रशानिक सेवा के दस अधिकारियों के तबादले की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण ने रांची में जल्द ही दो और फ्लाई ओवर के शुरू होने की खबर को तस्वीरों के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
अंग्रेजी अखबार संडे टाइम्स ने धनबाद में पुलिस और कोल माफियाओं के बीच साठ गांठ के मामले की झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई जांच के आदेश की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।
हिन्दुस्तान टाइम्स ने जमशेदपुर में एमजीएम अस्पताल के नये भवन के उद्घाटन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******समाप्त*******